दैनिक जागरण

26 March, 2018

खतरनाक एक लाख लोगों में 9 से 10 लोग प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित, प्रोस्टेट कैंसर पर कार्यक्रम प्रोस्टेट अड्डा आयोजित

महानगर में तेजी से बढ़ रहा प्रोस्टेट कैंसर

जागरण संवाददाता, कोलकाता : कोलकाता, दिल्ली, पुणे और तिरुवनंतपुरम में पुरुषों में होने वाले कैंसर में प्रोस्टेट कैंसर का दूसरा स्थान है, जबकि बेंगलुरु और मुंबई में तीसरा स्थान है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) की 2016 की रिपोर्ट के मुताबिक एक लाख लोगों में 9 से 10 लोग प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। यह बात देश के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट व प्रोस्टेट कैंसर फाउंडेशन के डॉ अमित घोष ने कही है। वह महानगर में बंगाल यूरोलॉजी ट्रस्ट की इकाई प्रोस्टेट कैंसर फाउंडेशन व बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित प्रोस्टेट कैंसर पर आयोजित कार्यक्रम प्रोस्टेट अड्डा में बोल रहे थे। डा घोष मे कहा कि प्रोस्टेट कैंसर धीमी गति से बढ़ने वाला कैंसर है और अगर यह प्रारंभिक अवस्था में पहचाना जाता है, तो इसे नियंत्रित और ठीक किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है। 55 के बाद प्रोस्टेट कैंसर के कारण प्रोस्टेट ग्रंथि असामान्य रूप से बढ़ती है और मूत्र जनित समस्याएं होती हैं। इस लिए 45 के बाद हर आदमी को प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन (पीएसए) की जांच करनी चाहिए जो एक प्रकार का रक्त परीक्षण है। यह प्रोस्टेट कैंसर की पहचान करने में मददगार है। उन्होंने यह भी कहा है कि केवल यूरोलॉजिस्ट ही इस कैंसर का इलाज करते हैं और क्रांतिकारी प्रोस्टेटैक्टॉमी इस कैंसर का सर्वश्रेष्ठ नवीनतम पीढ़ी के उपचार में से एक है।

कार्यक्रम में बोलते वरिष्ठ चिकित्सकगण • जागरण

कार्यक्रम में रोगियों, डॉक्टरों, वरिष्ठ नागरिकों और प्रोस्टेट कैंसर के बचे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों में डॉ अशिम दत्त (93), एक्स प्रोफेसर एसएसकेएम हॉस्पिटल, डॉ अविषेक बसु, आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल, डॉ गौतम बंद्योपाध्याय, सरोज गुप्ता मेमोरियल कैंसर सेंटर, ठाकुरपुकुर शामिल थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण दूरदर्शन केंद्र के वरिष्ठ पत्रकार स्नेहाशीष सुर ने दिया। कार्यक्रम का समापन पंडित बिक्रम घोष के तबला वादन से हुआ।